# चुनावी शोरगुल थमा, अंतिम समय में प्रत्याशियों ने झोंकी ताकत

**सतना। दूसरे चरण के मतदान का शोरगुल बुधवार की शाम थम गया है। अब शुक्रवार को मतदाता वोट डालकर अपना फैसला देंगे। इस बीच प्रचार समाप्त होते-होते तक प्रत्याशियों ने अपनी पूरी ताकत लगा दी। रैलियां निकालकर शक्ति का प्रदर्शन किया गया। सतना में 19 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। यहां पर 17 लाख 7 हजार 549 मतदाता है। 1950 मतदान केंद्र बनाए गए हैं जहां शुक्रवार की सुबह से वोट डाले जाएंगे।**

## रैली निकाल कर शक्ति का प्रदर्शन, कल डाले जाएंगे वोट

भारतीय जनता पार्टी में चार बार की सांसद गणेश सिंह को मैदान में उतारा है। वहीं अखिल भारतीय कांग्रेस पार्टी में विधायक सिद्धार्थ कुशवाहा को लोकसभा चुनाव के लिए अपना उम्मीदवार बनाया है। इसके अलावा मैहर के पूर्व विधायक नारायण त्रिपाठी बहुजन समाज पार्टी से चुनाव लड़ रहे हैं। विकास के मुद्दों से शुरू हुआ चुनाव प्रचार आखिरी आखिरी में जातिगत गुणा गणित में पहुंच गया है। तीनों प्रत्याशियों का अपना सजातीय वोट बैंक है। अपना सांसद किसे चुनती है यह आने वाला समय बताएगा। सोमवार को जिस तरीके से तीनों उम्मीदवारों ने अपना अपना शक्ति प्रदर्शन किया है उसे देखकर यह लग रहा था कि कोई भी उम्मीदवार किसी से काम नहीं है जो चीज नजर आई उसमें त्रिकोणी मामला समझ में आ रहा है।

### भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ने कहा

भारतीय जनता पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रभात झा ने बुधवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने दावा किया कि देश भर में भाजपा का माहौल है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में एक बार फिर से प्रचण्ड बहुमत के साथ केन्द्र में भाजपा सरकार बनेगी। उन्हें उन्होंने विंध्य की चारों ओर मध्य प्रदेश की 29 सीट जीतने का दावा किया। श्री झा ने दावा किया कि इस बार भाजपा 400 सीटों से अधिक पर विजय हासिल करके सरकार बनाने जा रही है।

## खबर संक्षेप

### मैहर की सुचिता पांडे ने मारी बाजी



**मैहर।** कक्षा 12 वीं में मैथ साइड से मध्यप्रदेश में दसवां स्थान प्राप्त कर मैहर की सुचिता पांडे ने शहर स्कूल और अपने माता-पिता का नाम रोशन किया है। सुचिता ब्लू वेल्स हायर सेकेंडरी विद्यालय की छात्रा है। स्कूल संचालक राकेश चोपड़ा एवं प्रिंसिपल शेवता चोपड़ा ने इस उपलब्धि पर छात्रा का मुंह मीठा कराया एवं उज्जवल भविष्य की कामना की सुचिता पांडे के परिवार में खुशी का माहौल है। मैहर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी सुचिता पांडे को मैहर का नाम रोशन करने पर बधाई दी एवं उज्जवल भविष्य कामना की।

### सर्राफा कारोबारियों के यहां पकड़ी गई टैक्स की चोरी, जमा कराए गए 57 लाख रुपए

**सतना।** शहर के दो सर्राफा कारोबारियों के यहां लाखों रुपए की टैक्स चोरी पकड़ी गई है। दो दिन तक चली एंटी इवेजन ब्यूरो की जांच-पड़ताल के बाद दोनों कारोबारियों ने 57 लाख रुपए की रकम सरेंडर की है। गौरतलब है कि स्टेट टैक्स डिपार्टमेंट की एंटी इवेजन ब्यूरो की टीम ने शहर के गणपत मार्ग स्थित बाला जी ज्वेलर्स एवं शास्त्री चौक स्थित यश ज्वेलर्स के यहां सोमवार को दबिश दी थी। दुकानों के अलावा एईबी की टीम सराफा कारोबारियों के मकानों में भी जांच करने पहुंची थी। दो दिन तक चली जांच के दौरान दोनों सराफा कारोबारियों के यहां करोडों के कारोबार के रिकार्ड पाए गए जबकि उसके मुकाबले टैक्स भुगतान कम मिला। एईबी के डिप्टी कमिश्नर उमेश त्रिपाठी के मुताबिक,दोनों फर्मों के कारोबार और टैक्स पेमेंट में लाखों का अंतर पाया गया है। टैक्स चोरी पकड़ में आने के बाद जुर्माना सहित दोनों फर्म संचालकों से 57 लाख रुपए जमा कराए गए हैं। शास्त्री चौक स्थित बाला जी ज्वेलर्स ने 31 लाख 52 हजार तथा यश ज्वेलर्स ने 25 लाख 50 हजार रुपए की रकम सरेंडर की है। दोनों से टैक्स और जुर्माने की राशि मंगलवार की रात कार्रवाई पूरी होने के बाद ही ऑनलाइन जमा करा ली गई है। डिप्टी कमिश्नर ने बताया कि दस्तावेज जब्त कर एईबी दफ्तर लाए गए हैं जहां इनका सत्यापन किया जाएगा। यह भी संभावित है कि सत्यापन के बाद टैक्स चोरी की रकम बढ़ भी सकती है।

### कलेक्टर की अध्यक्षता में उपार्जन समिति की बैठक हुई संपन्न

**कटनी।** कलेक्टर अवि प्रसाद की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में मंगलवार को जिला उपार्जन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर ने निर्देशित किया कि किसी भी समिति द्वारा ऐसे गोदाम में केन्द्र न खोला जाए जो गोदाम स्तरीय केन्द्र नहीं है। कलेक्टर द्वारा हिदायत देते हुए कहा गया कि ऐसे उपार्जन केन्द्रों द्वारा गोदाम परिसर में खरीदी करते हुये पाये जाने पर उपार्जन केन्द्र एवं समितियों पर अनुशासनात्क कार्यवाही करने की हिदायत दी गई। इस कार्य की मॉनिटरिंग करने का दायितव कलेक्टर ने सभी एस.डी.एम को भी सौपते हुए सहकारिता, खाद्य अमले को भी इस पर नजर रखने के निर्देश दिए। सहायक आयुक्त सहकारिता को सहकारिता विभाग में स्थापित कन्ट्रोल रूम के माध्यम से सभी नोडल अधिकारी एवं कर्मचारियों को फोन करके सार्थक एप्लीकेशन में उपस्थिति एवं गतिविधि दर्ज करने हेतु निर्देशित किया गया।

# युवक पर पेट्रोल डालकर जलाया डेढ़ साल की मासूम भी झुलसी

**सतना।** कोलगवां क्षेत्र में पुराने विवाद में एक युवक पर पेट्रोल डाल कर आग लगा दिया गया। आग की चपेट में युवक की डेढ़ साल की बच्ची भी आ गई। युवक की हालत गंभीर होने पर उसे देर रात सतना जिला अस्पताल भर्ती करवाया गया। घटना मंगलवार देर शाम को हुई। घटना संग्राम कॉलोनी निवासी बोग्गा पिता केमला बसोर (28) के साथ हुई। पत्नी रुचि ग्रामीणों के साथ उसे लेकर देर शाम कोलगवां थाने पहुंची। वह बुरी तरह से झुलसा हुआ था। रुचि की गोद में डेढ़ वर्ष की बेटी भी थी,उसका भी शरीर जला हुआ था। पुलिस ने दोनों को जिला अस्पताल में भर्ती करवाया। रुचि का आरोप है कि पति को मोहल्ले के ही विक्की ने पेट्रोल डाल कर जिंदा जलाने की कोशिश की है। उसने पुलिस को बताया कि विक्की दोपहर के वक्त उसके पति बोग्गा को शराब पिलाने की बात कह कर ले गया था। कुछ दूर जाने के बाद विक्की और उसके साथियों ने बोग्गा के ऊपर पेट्रोल डाल कर आग लगा दी। बोग्गा घर की तरफ भागा,उसने जलती हुई शर्ट उतार कर फेंकी,जो 15 महीने की मासूम बेटी आरुषि पर जाकर गिरी,जिससे वह भी झुलस गई। रुचि ने पुलिस को बताया कि कुछ दिनों पहले रवि,छोटू,कल्लू और अजय से बोग्गा का विवाद हो गया था। उन लोगों ने बोग्गा पर तलवार से हमला कर दिया था। घटना की शिकायत कोलगवां थाना में दर्ज कराई गई थी। उस प्रकरण में बयान बदलने के लिए बोग्गा पर आरोपी दबाव बना रहे थे। कोलगवां थाना पुलिस ने इस मामले में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। उधर,अस्पताल में डॉक्टरों का कहना है कि बोग्गा 75 फीसदी तक जल चुका है।

# मानव एकता दिवस रक्तदान शिविर आयोजित

**सतना।** संत निरंकारी सत्संग भवन कृष्ण नगर सतना में एक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन आज प्रातः 9.00 बजे से 3.00 बजे तक किया गया जिसमे 313 यूनिट रक्तदान किया गया। महिलाओं एवं बहनों ने 124 यूनिट एवं पुरुषों ने 189 यूनिट रक्तदान किया। कार्यक्रम की शुरुआत में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य चिकित्सा एवं स्वस्थ अधिकारी डॉ.एल.के.तिवारी का स्वागत दुपट्टा पहनाकर किया गया। कार्यक्रम में सिविल सर्जन डॉ.के.एल.सूर्यवंशी व ब्लड बैंक अधिकारी डॉ.देवेन्द्र पटेल विशिष्ट अथिति के रूप में उपस्थित थे। ब्लड बैंक के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारियों ने इस रक्तदान शिविर में भरपूर सहयोग किया। इसके साथ ही रक्तदाताओं हेतु उत्तम रूप में जलपान की भी समुचित व्यवस्था की गई।

सतना ब्रांच संयोजक महात्मा डॉ.जगदीश सेवानी ने जानकारी देते हुए बताया की मानव एकता दिवस के अवसर पर रक्तदान शिविर में जन समूह को सम्बोधित करते हुए सतगुरु माता जी ने फरमाया कि सेवा का भाव सदैव निष्काम ही रहा है। ऐसी भावना जब हमारे मन में बस जाती है तब हमारा जीवन वास्तव में मानवता के कल्याणार्थ समर्पित हो जाता है। ऐसा ही परोपकारी जीवन बाबा गुरबचन सिंह जी की दिव्य सिखलाईयों का आधार रहा है। निष्काम सेवा के सुंदर भाव का जिक्र करते हुए सतगुरू माता जी ने समझाया कि जब हमारे मन में निष्काम सेवा का भाव उत्पन्न हो जाता है तब यह संसार और भी अधिक सुंदर लगने लगता है क्योंकि तब हमारी सेवा भावना साकार एवं कर्म रूप में समस्त मानव परिवार के लिए वरदान बन जाती है। रक्तदान,मानव जीवन को बचाने हेतु की जाने वाली एक ऐसी सर्वोपरि सेवा है जिसमें परोपकार की निःस्वार्थ भावना निहित है।

# कलेक्टर ने मतदान सामग्री स्थल का किया निरीक्षण



**सतना।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के दूसरे चरण में सतना संसदीय क्षेत्र के लिये मतदान 26 अप्रैल को संपन्न होगा। इसके पूर्व मतदान केंद्रों की व्यवस्था सहित ईवीएम के रख-रखाव, मतदान दलों की रवानगी और मतदान सामग्री के वितरण सहित पार्किंग व्यवस्थाओं की तैयारियां अपने अंतिम चरण पर है। बुधवार को कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराग वर्मा ने मतदान दलों के सामग्री वितरण स्थल शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय व्यंकट क्रमांक 1 सतना का निरीक्षण कर विधानसभावार मतदान दलों को सामग्री वितरण के लिये की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया। लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिये विधानसभा क्षेत्र चित्रकूट, रैगांव, सतना, नागौद के मतदान दलों को सामग्री का वितरण शासकीय व्यंकट क्रमांक 1 सतना के सामने के मैदान से विधानसभावार काउंटरों से किया जायेगा। इसी प्रकार विधानसभा क्षेत्र मैहर, अमरपाटर और रामपुर बघेलान के मतदान दलों को सामग्री का वितरण विद्यालय के पीछे के मैदान से किया जायेगा। इनमें विधानसभा चित्रकूट,रैगांव,सतना,नागौद के मतदान दलों को ले जाने वाले वाहनों की पार्किंग रेल्वे ग्रांउड में रहेगी और विधानसभा मैहर,अमरपाटन, रामपुर बघेलान के मतदान दलों को ले जाने वाले वाहनों की पार्किंग विद्यालय के पीछे के मैदान में रहेगी। कलेक्टर श्री वर्मा ने मतदान दलों को सामग्री वितरण के लिये विधानसभा क्षेत्रवार बनाये गये काउंटरों पर जाकर सहायक रिटर्निंग अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होने मतदान दलों के कर्मचारियों के लिये पेयजल,छाया,कूलर-पंखे,मेडीकल किट,चिकित्सा सुविधा,वाहनों की रवानगी एवं वापसी के प्रबंधों का निरीक्षण कर जायजा लिया। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी स्वप्निल वानखेड़े,आयुक्त नगर निगम शेर सिंह मीना एवं सभी विधानसभा क्षेत्रों के सहायक रिटर्निंग ऑफिसर,तहसीलदार उपस्थित रहे। निर्वाचन कर्मी अपने ईडीसी भी प्राप्त कर सकेंगे

नोडल अधिकारी डाक मतपत्र प्रकोष्ठ ने बताया कि लोकसभा निर्वाचन 2024 के निर्वाचन कार्य में संलग्न अधिकारी-कर्मचारी 25 अप्रैल को ईडीसी (इलेक्शन ड्यूटी सर्टिफिकेट) प्रदाय करने चुनाव सामग्री वितरण के समय विधानसभावार स्टॉल लगाये जाने हैं। निर्वाचन ड्यूटी में नियुक्त अधिकारी-कर्मचारी अपना मतदाता परिचय पत्र (इपिक कार्ड) दिखाकर ईडीसी प्राप्त कर सकते हैं। जो जिस विधानसभा का मतदाता है, उसे उसकी विधानसभा के स्टॉल से ही ईडीसी प्राप्त होगा।

# सेक्टर मजिस्ट्रेट अपने संबंधित मतदान केंद्र में ही करेंगे रात्रि विश्राम





**सेक्टर मजिस्ट्रेट और पुलिस अधिकारियों की संयुक्त बैठक संपन्न**

**सतना।** लोकसभा निर्वाचन 2024 में सतना लोकसभा क्षेत्र में शामिल सतना और मैहर जिले की सभी सात विधानसभा क्षेत्रों के लिये नियुक्त सेक्टर मजिस्ट्रेट और सेक्टर पुलिस अधिकारियों की संयुक्त प्रशिक्षण बैठक बुधवार को टाउन हाल सतना में जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराग वर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस अवसर पर सामान्य प्रेक्षक डॉ एस सुरेश कुमार,पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता,आयुक्त नगर निगम शेर सिंह मीना,उप जिला निर्वाचन अधिकारी स्वप्निल वानखेड़े,मास्टर ट्रेनर डॉ बीके गुप्ता,सभी विधानसभा क्षेत्रों के लिये नियुक्त सहायक रिटर्निंग ऑफीसर्स भी उपस्थित रहे। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराग वर्मा ने कहा कि निर्वाचन में सबसे बड़ा रिर्सोस सेक्टर मजिस्ट्रेट होते हैं और शांतिपूर्ण, निष्पक्ष निर्वाचन में इनकी महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होने कहा कि सेक्टर मजिस्ट्रेट और सेक्टर पुलिस ऑफीसर्स संयुक्त रुप से आज ही संबंधित मतदान केंद्रों का एक बार भ्रमण कर शांतिपूर्ण,निष्पक्ष मतदान कराने की व्यवस्थाओं का अवलोकन कर लें। उन्होने कहा कि सभी सेक्टर ऑफीसर्स की ड्यूटी सामग्री वितरण के साथ ही शुरु होगी और यह अवनरत सामग्री वापस जमा होने तक लगातार जारी रहेगी। उन्होने कहा कि गर्मियों का मौसम है,ऐसे समय में अपने और अपने मतदान दलों के कर्मचारियों के स्वास्थ्य का भी ध्यान रखें। पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता ने सेक्टर मजिस्ट्रेट और पुलिस सेक्टर अधिकारियों को मोबिलाईजेशन प्लान और उनसे अपेक्षाओं की जानकारी लेते हुये कहा कि कल सभी सेक्टर पुलिस ऑफीसर्स सेक्टर मजिस्ट्रेट के साथ सामग्री वितरण स्थल पर सुबह पहुंचेंगे और रात्रि विश्राम भी सेक्टर मजिस्ट्रेट के साथ करेंगे। उन्होने कहा कि सेक्टर की अंतिम पोलिंग पार्टी के रवानगी के साथ ही पुलिस सेक्टर पार्टी भी वापस होगी। प्रत्येक ईवीएम के साथ सुरक्षा बल का होना अत्यंत जरुरी होगा। सेक्टर पुलिस ऑफीसर मतदान के पश्चात अंतिम पोलिंग पार्टी को साथ ही लाकर ही सेक्टर को छोड़ सकेंगे। उप जिला निर्वाचन अधिकारी स्वप्निल जी वानखेड़े ने सामग्री वितरण के संबंध में बताया कि सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट और सेक्टर पुलिस अधिकारी 25 अप्रैल की प्रातः 6 बजे तक शासकीय व्यंकट क्रमांक-1 सतना में अपनी उपस्थिति देंगे। इनमें 4 विधानसभा क्षेत्र सतना,रैगांव, चित्रकूट, नागौद के मतदान दल और अधिकारी विद्यालय के सामने के मुख्य द्वार से प्रवेश करेंगे। इसके अलावा विद्यालय के पीछे के गेट से 3 विधानसभा मैहर, अमरपाटन,रामपुर बघेलान के मतदान दल और अधिकारी प्रवेश करेंगे। मतदान दलों को सामग्री का वितरण इसी क्रम में विधानसभावार किया जायेगा। उन्होने मतदान दिवस के लिये भारत निर्वाचन आयोग का मत प्रतिशत ऐप सभी सेक्टर अधिकारियों को डाउनलोड करने की सलाह दी। सभी पीठासीन अधिकारी इस मत प्रतिशत एप पर प्रति दो घंटे में मतदान की जानकारी फीड करेंगे।

# आदतन अपराधियों का जिला बदर

**सतना।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट मैहर रानी बाटड ने लोक शांति बनाए रखने के उद्देश्य से मैहर जिले के 3 आदतन अपराधियों को 3 माह से 6 माह की कालावधि के लिए जिला बदर और जो 2 आदतन अपराधियों को 6 माह तक के लिए विविध शर्तों में निर्बंधित कर बाउंड ओव्हर की कार्यवाही की है। मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 5(ए) के तहत पारित आदेश में जिला मजिस्ट्रेट ने थाना ताला के अजवाइन निवासी राहुल सिंह पटेल पिता रामबहोर पटेल उम्र 29 वर्ष,मैहर और सीमावर्ती जिलों की परिधि से 3 माह के लिए थाना ताला के बाजार टोला निवासी दीपू उर्फ दीपक चिकवा पिता रामगोपाल उम्र 34 वर्ष को 6 माह की अवधि के लिए और थाना मैहर के सरला नगर निवासी कान्हा उर्फ विकास पयासी पिता उमेश पयासी उम्र 21 वर्ष को 6 माह की अवधि के लिए मैहर जिला और समीपवर्ती जिले सतना,रीवा, सीधी,कटनी,पन्ना,शहडोल एवं उमरिया जिले की सीमाओं से बाहर चले जाने का आदेश पारित किया है। इसी प्रकार थाना अमदरा के पकरिया निवासी कपिल गुप्ता तनय पुरुषोत्तम गुप्ता उम्र 32 वर्ष और थाना बदेरा के बंधी ग्राम निवासी मनोज श्रीवास्तव पिता ज्वाला प्रसाद उम्र 30 वर्ष को मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 3/13 के तहत 180 दिवस के लिए निर्बधन आदेश जारी कर निर्बंधित कर दिया है। इसी प्रकार जिला मजिस्ट्रेट ने थाना अमरपाटन के ग्राम लालपुर निवासी बेटू उर्फ किशन चौरसिया पिता शीतला उर्फ मोट्टा चौरसिया उम्र 25 वर्ष को 6 माह की अवधि के लिए मैहर जिला और समीपवर्ती जिले सतना, रीवा, सीधी, कटनी, पन्ना, शहडोल एवं उमरिया जिले की सीमाओं से बाहर चले जाने का आदेश पारित किया है। इसी प्रकार थाना अमदरा के पकरिया निवासी बलभद्र दुबे उर्फ गुड्डू पिता गणेश प्रसाद दुबे उम्र 39 वर्ष को मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 3/13 के तहत 180 दिवस के लिए निर्बधन आदेश जारी कर निर्बंधित कर दिया है।

# 26 अप्रैल को मतदान समाप्ति तक जारी रहेंगे धारा-144 के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश

**सतना।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अनुराग वर्मा ने दंड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये लोकसभा क्षेत्र सतना के संपूर्ण क्षेत्र में मतदान समाप्ति से 48 घंटे पूर्व अर्थात 24 अप्रैल की शाम 6 बजे से 26 अप्रैल को मतदान समाप्ति तक के लिये प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किये हैं। जिला मजिस्ट्रेट द्वारा जारी आदेशानुसार ऐसे सभी विशिष्ट व्यक्तियों,राजनैतिक व्यक्तियों, पार्टी कार्यकर्ता, चुनाव कार्यकर्ता एवं अन्य व्यक्ति जो लोकसभा सतना क्षेत्र के मतदाता नहीं है, उन्हें निर्वाचन क्षेत्र में उपस्थित रहने तथा उनके आवागमन को प्रतिबंधित किया गया है। यह प्रतिबंध निर्वाचन क्षेत्र के ऐसे उम्मीदवारों पर लागू नहीं होगा, जो बाहरी क्षेत्र के मतदाता हों। पुलिस अधीक्षक सतना इस आदेश का पालन करने के लिये अपने स्तर से पुलिस अधिकारियों व थाना प्रभारियों को निर्देश देना सुनिश्चित करेंगे।

**बाहर व्यक्तियों का क्षेत्र में प्रवेश और उपस्थिति रहेगी प्रतिबंधित**

### कलेक्टर मैहर ने भी जारी किये प्रतिबंधात्मक आदेश

लोकसभा निर्वाचन 2024 में मैहर जिले की विधानसभा क्षेत्र मैहर और अमरपाटन में सतना लोकसभा निर्वाचन की मतदान प्रक्रिया शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिये कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट मैहर रानी बाटड ने भी दंड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी कर दिये हैं।

# मतदान समाप्ति तक अनाधिकृत एवं बाहरी वाहनों के प्रवेश पर रोक

**सतना।** सतना संसदीय क्षेत्र में लोकसभा चुनाव 2024 के लिये 26 अप्रैल को मतदान होगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराग वर्मा ने लोकसभा निर्वाचन की मतदान प्रक्रिया को शांतिपूर्ण माहौल में स्वंतत्र एवं निष्पक्ष रुप से संपन्न कराने तथा कानून व्यवस्था बनाये रखने दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 144 के तहत 24अप्रैल को सायं 6बजे से 26अप्रैल को मतदान समाप्ति तक मतदान के लिये अधिकृत, अत्यावश्यक सेवाओं एवं सतना जिले के मतदाताओं के वाहनों को छोड़कर शेष चैपहिया यंत्र चालित वाहनों के आवागमन को प्रतिबंधित किया है। जारी आदेशानुसार निर्वाचन कार्य में नियोजित समस्त प्रकार के वाहन,पुलिस एवं दण्डाधिकारी के समस्त प्रकार के वाहन,अभ्यर्थी के एवं उनके निर्वाचन अभिकर्ता के उपयोग के प्राधिकारी,अधिकारी द्वारा अनुज्ञा पत्र जारी वाहन,अत्यावश्यक सेवा जैसे अस्पताल, दुग्ध वाहन, पानी टैंकर, विद्युत ड्यूटी वाहन,सार्वजनिक परिवहन बस एवं माल वाहन ट्रक (जो निश्चित स्थानों के अनुज्ञापत्र के आधार पर चल रहे हैं),समस्त लोकसभा के मतदाता द्वारा अपने स्वयं के उपयोग के लिए या अपने परिवार के सदस्य के उपयोग के लिए प्रयोग करने वाला वाहन,समस्त शासकीय वाहन और शासकीय कार्य में संयोजित निजी वाहन तथा अन्य कोई वाहन,जिसे प्राधिकृत अधिकारी जिला निर्वाचन अधिकारी कार्यालय सतना से वैध रूप से अनुमति दी गई हो। ऐसे वाहनों पर प्रतिबंधात्मक आदेश लागू नहीं होंगे। पुलिस अधीक्षक सतना इस आदेश का पालन करते हुए अपने स्तर से पुलिस अधिकारियों व थाना प्रभारियों को निर्देश देना सुनिश्चित करेंगे।

# मतदान समाप्ति के 48 घंटे पूर्व राजनैतिक सभाओं और रैलियों पर प्रतिबंध

**सतना।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 में सतना संसदीय क्षेत्र के लिये मतदान 26 अप्रैल को किया जायेगा। निर्वाचन आयोग ने लोकसभा निर्वाचन के लिये स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर (एसओपी) जारी करते हुये मतदान समाप्ति के 48 घंटे पूर्व राजनैतिक दलों एवं अभ्यर्थी द्वारा की जा रही सभाओं और रैलियों को प्रतिबंधित किया है।कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराग वर्मा ने संसदीय निर्वाचन क्षेत्र सतना अंतर्गत मतदान समाप्ति के लिये निर्धारित समय के 48 घंटे पूर्व अर्थात 24 अप्रैल को सायं 6 बजे से लेकर 26 अप्रैल को मतदान समाप्ति तक सार्वजनिक सभा,रैली और जुलूस निकालने पर प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया है। जारी आदेशानुसार राजनैतिक दल के पदाधिकारी और निर्वाचन लड़ रहे अभ्यर्थी डोर-टू-डोर संपर्क कर मतदान अपील कर सकते हैं। जारी आदेश में संपूर्ण लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में मतदान समाप्ति तक राजनैतिक दल एवं अभ्यर्थियों द्वारा लाउडस्पीकर के उपयोग को भी प्रतिबंधित किया गया है। यह आदेश 26 अप्रैल को मतदान समाप्ति तक प्रभावशील रहेगा।

**डोर-टू-डोर अभ्यर्थी और राजनैतिक दल कर सकते हैं प्रचार**

## खबर संक्षेप

### इंडिया गठबंधन के सपा व आप के नेता अब पीट रहे लकीर



**पन्ना।** लोकसभा संसदीय क्षेत्र खजुराहो में जहां प्रदेशाध्यक्ष भाजपा वी.डी. शर्मा भाजपा से प्रत्याशी है वहीं इस सीट में इंडिया गठबंधन ने सपा से श्रीमती मीरा यादव चुनाव मैदान में उतारा था। जिसका फार्म निरस्त होने के बाद इंडिया गठबंधन स्वयं ही चुनाव से बाहर के हालात तय कर चुका था। वहीं कुछ दिनों बाद निर्दली प्रत्याश राजाभईया प्रजापति को समर्थन देने के लिए घोषणायें कि वहीं आज समाचार लिखे जाने के पहले मीडिया से रूबरू होकर जहां सपा के नेता व आप के नेता अब सूरत का उदाहरण देकर खजुराहो लोकसभा में जो सपा प्रत्याशी का फार्म निरस्त किया गया था। उदाहरण दे रहे है लोकतंत्र की हत्या बता रहे है। वहीं राजाभईया के चुनाव प्रचार में कोई भी सपा नेता व कांग्रेस नेता कहीं नजर नहीं आ रहे फिर भी समर्थन की बात भाजपा को लेकर अलाप रहे राग। जब हांथी निकल गया तो लकीर कूटने जैसे हालात लोकतंत्र के महापर्व में लोकसभा चुनाव बेरूखी को लेकर जनचर्चा में जरूर। जब सामने मैदान में विरोधी ही प्रबल न हो तो फिर चुनाव कैसा फिर भी चुनाव। शासन प्रशासन की तैयारी लोकसभा के चुनाव को लेकर जारी है।

### शिक्षक को जिला शिक्षा अधिकारी ने किया निलंबित

**पन्ना।** अजय सिंह प्राथमिक शिक्षक तमसा नगर संकुल केन्द्र शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मनहर कन्या को जिला शिक्षा अधिकारी ने निलंबित करने का आदेश जारी किया है। मामला लोकसभा चुनाव में ड्यूटी कटवाने को लेकर आवेदन मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत के समक्ष उपस्थित होकर दिया था। जिसमें अमर्यादित एवं अभद्र भाषा का प्रयोग किये जाने की बात आदेश में निलंबन में उल्लेखित करते हुए जिला शिक्षा अधिकारी ने कारण बताओ नोटिस का जवाब समाधान प्रद नहीं पाये जाने की बात भी उल्लेखित की है। अजय सिंह प्राथमिक शिक्षक शासकीय प्राथमिक शाला तमसा नगर विकासखण्ड पन्ना जिला पन्ना का उक्त कृत मध्यप्रदेश सिविल सेवा आसरण नियम 1965 के नियम 3 के उलंघन का घोतक बताया गया है। शिक्षक अजय सिंह को मध्यप्रदेश सिविल सेवा वर्गीयकरण नियंत्रण तथा अपील नियम 1966 के नियम 9 के अंतर्गत तत्काल प्रभाव से निलबंन का आदेश जिला शिक्षा अधिकारी सूर्यभूषण मिश्रा ने जारी किया है। इनका मुख्यालय विकाखण्ड शिक्षा अधिकारी पन्ना रहेगा। तथा नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता प्रदान करने की पात्रता होगी। इस तरह से जहां प्राथमिक शिक्षक को ड्यूटी कटवाने का आवेदन जो लेख किया गया था उसमें जो भाषा का स्तेमाल किया गया था वह भारी पड़ गई। और निलंबन का आदेश जिला शिक्षा अधिकारी के द्वारा थमा दिया गया।

### पॉलीटेक्निक कॉलेज पन्ना से आज रवाना होंगे मतदान दल



**पन्ना।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के दूसरे चरण में खजुराहो संसदीय क्षेत्र के लिये मतदान 26 अप्रैल को संपन्न होगा। इसके पूर्व मतदान केंद्रों की व्यवस्था सहित ईवीएम के रखरखाव, मतदान दलों की रवानगी और मतदान सामग्री के वितरण सहित पार्किंग व्यवस्थाओं की तैयारियां अपने अंतिम चरण पर है। लोकसभा निर्वाचन के लिए जिला मुख्यालय स्थित शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय से 25 अप्रैल को सुबह विधानसभावार काउण्टरों से मतदान दलों को सामग्री का वितरण किया जायेगा। मतदान सामग्री प्राप्त कर मतदान दल निर्धारित रूट अनुसार वाहनों से मतदान केन्द्रों के लिए रवाना होंगे। मतदान दलों को ले जाने वाले वाहनों की पार्किंग खेल मैदान पर रहेगी। 26 अप्रैल को मतदान समाप्ति के बाद मतदान दल द्वारा पॉलीटेकिनक कॉलेज पन्ना में सामग्री जमा की जाएगी।

---

### चोरी किये गये 19 नग मोबाइल एवं घटना में प्रयुक्त एक मोटर साइकिल कुल मशरूका कीमती करीब 2 लाख 95 हजार रूपये का जप्त

# मोबाइल फोन की दुकान में चोरी करने वाले 3 आरोपी गिरफ्तार

**जिले के थाना अजयगढ़ में दिनांक 10/12/23 को फरियादी शकील बेग पिता मकसूद बेग उम्र 32 साल निवासी वार्ड क्रमांक 02 अजयगढ़ द्वारा थाना आजयगढ़ में रिपोर्ट की गई कि मेरी अजयगढ़ में विवेकानंद पार्क के सामने राज मोबाइल शॉप के नाम से मोबाइल की दुकान है ।**

पन्ना।







**जप्त सामग्री** आरोपियों के कब्जे से चोरी किये गये कुल 19 नग एन्ड्रायड मोबाइल कीमती करीब 2 लाख 30 हजार रूपये एवं घटना में प्रयुक्त एक सी.डी.डीलक्स मोटर साइकिल कीमती करीब 65 हजार रूपये कुल मशरूका कीमती करीब 2 लाख 95 हजार रूपये का जप्त किया गया।

**गिरफ्तार आरोपी -** अशोक बसोर पिता राजू बसोर निवासी माधौगंज अजयगढ़, अरविन्द पासी पिता सुरद्दीन पासी निवासी ग्राम परेठी चौकी बहुआ थाना ललौली जिला फतेहपुर (उ.प्र.), अरूण उर्फ बखता निवासी ग्राम परेठी चौकी बहुआ थाना ललौली जिला फतेहपुर (उ.प्र.)

दिनांक 09/12/23 को मैं रोजाना की तरह रात में अपनी दुकान को बंद करके घर चला गया था । दिनांक 10/12/23 को जब मैं सुबह अपनी दुकान पहुँचा तो देखा कि मेरी दुकान के शटर में लगे ताले टूटे पड़े थे एवं शटर भी थोड़ी सी खुली थी। मैंने दुकान के अन्दर जाकर देखा तो मेरी दुकान से अलग-अलग कंपनियों के 29 एन्ड्रायड फोन कीमती करीब 2 लाख 90 हजार के कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया है। फरियादी की रिपोर्ट पर थाना अजयगढ में अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध अप.क्र. 582/23 धारा 457, 380 भादवि का कायम किया जाकर विवेचना में लिया गया है। थाना प्रभारी अजयगढ़ द्वारा मामले के संबंध में वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को सूचना दी गई। उप पुलिस महानिरीक्षक छतरपुर रेन्ज छतरपुर श्री ललित शाक्यवार एवं पुलिस अधीक्षक पन्ना साईं.कृष्णा एस. थोटा द्वारा मामले को गंभीरता से लिया गया। मामले में अज्ञात आरोपियों की तलाश पतारसी एवं चोरी हुये मोबाइलो को बरामद करवाये जाने हेतु उप पुलिस महानिरीक्षक छतरपुर रेन्ज छतरपुर एवं पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती आरती सिंह व अनुविभागीय अधिकारी पुलिस अजयगढ श्री राजीव भदौरिया के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी अजयगढ़ निरीक्षक बखत सिंह के नेतृत्व में एक पुलिस टीम का गठन किया गया। पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा पुलिस सायबर सेल टीम पन्ना को गठित पुलिस टीम के साथ मिलकर कार्यवाही में अज्ञात आरोपियो की तलाश पतारसी करने हेतु शामिल किया गया। गठित पुलिस टीम द्वारा कस्बा में लगे सी.सी.टी.व्ही. फुटेज को खंगाला गया। मामले में सी.सी.टी. व्ही. फुटेज के आधार पर कुछ संदेही व्यक्तियों को चिन्हित किया जाकर पुलिस टीम द्वारा उक्त संदेहियों के संबंध में जानकारी एकत्रित की गई। मामले में पुलिस सायबर सेल टीम पन्ना से मिली जानकारी एवं मुखबिर सूचना के आधार पर गठित पुलिस टीम द्वारा 01 संदेही व्यक्ति को माधौगंज अजयगढ़ के पास से पुलिस अभिरक्षा में लिया जाकर पूंछताछ किये जाने पर उक्त व्यक्ति द्वारा बताया गया कि घटना दिनांक को मैनें अपने 02 अन्य साथियों के साथ मिलकर अजयगढ़ पार्क के सामने स्थित राज मोबाइल शाप में मोबाइल चोरी करके आपस में बाँट लिये थे। पुलिस टीम द्वारा उक्त आरोपी के बताये अनुसार मामले के दो अन्य आरोपियों को ग्राम परेठी चौकी बहुआ थाना ललौली जिला फतेहपुर (उ.प्र.) से पुलिस अभिरक्षा में लिया जाकर पूँछताछ की गई तो उपरोक्त आरोपियों द्वारा घटना कारित किया जाना स्वीकार किया गया । पुलिस टीम द्वारा आरोपियों के बताये अनुसार आरोपियों के कब्जे से चोरी किये गये कुल 19 नग एन्ड्रायड मोबाइल कीमती करीब 2 लाख 30 हजार रूपये एवं घटना में प्रयुक्त एक सी.डी.डीलक्स मोटर साइकिल कीमती करीब 65 हजार रूपये कुल मशरूका कीमती करीब 2 लाख 95 हजार रूपये का जप्त किया जाकर आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। मामले में विवेचना जारी है।

#### सराहनीय योगदान

उक्त संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी अजयगढ़ निरीक्षक बखत सिंह, प्रभारी सायबर सेल उनि अनिल सिंह राजपूत, प्र.आर. नीरज रैकवार, राहुल सिंह बघेल, आशीष अवस्थी, आर. धर्मेन्द्र सिंह राजावत, राहुल पाण्डेय, पुलिस टीम में शामिल थाना अजयगढ़ से प्र.आर. आइमात सेन, शंकर प्रताप सिंह बुन्देला, आर. प्रदीप हरदेनिया, सुशील शुक्ला, प्रमोद पाल का सराहनीय योगदान रहा। पुलिस उप महानिरीक्षक छतरपुर रेन्ज छतरपुर द्वारा उक्त पुलिस टीम को 20 हजार रूपये के ईनाम से पुरुस्कृत किये जाने की घोषणा की गई है।

---

# हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी मुख्य परीक्षा 2024 का परिणाम घोषित

### पन्ना जिला प्रदेश स्तर पर हाई स्कूल परीक्षा में 20वें पायदान एवं हायर सेकेण्डरी में 31वां स्थान पर

पन्ना।





हायर सेकेण्डी परीक्षा में कृषि संकाय से शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पहाड़ीखेरा के छात्र विनय पाण्डेय पिता धीरेन्द्र पाण्डेय ने 500 पूर्णांक में से 480 अंक प्राप्त करके प्रदेश के मैरिट सूची में प्रथम स्थान बनाकर पन्ना का हीरा चमका वहीं हाई स्कूल परीक्षा में सरस्वती शिशु मंदिर गुनौर के छात्र नंदकिशोर पटेल पिता बृजपुर किशोर पटेल ने 500 में से 488 अंक प्राप्त कर प्रदेश की मैरिट सूची में सातवां स्थान तथा सरस्वती ज्ञान मंदिर हाई स्कूल गुनौर के छात्र हरीओप द्विवेदी पिता मनोज कुमार द्विवेदी ने 500 में से 486 अंक प्राप्त करके प्रदेश की मैरिट सूची में 9वां स्थान पर कब्जा जमाया इस तरह से पन्ना के तीन हीरे प्रदेश में जिले का नाम गौरवांवित करने को लेकर जाने गये।

जिले का परीक्षा परिणाम हाई स्कूल एवं हायर सेकेण्डरी मुख्य परीक्षा 2024 का घोषित हुआ। जिसमें पन्ना जिला का स्थान प्रदेश स्तर पर हाई स्कूल परीक्षा में 20वें स्थान पर जगह बनाने में जाना गया। वहीं हायर सेकेण्डरी में 31वें स्थान पर जिले को कामयाबी मिली। साथ ही बात करें पिछले वर्ष की परीक्षा परिणाम में जहां 2023 में हाई स्कूल का परीक्षा परिणाम जो जिले का 59.08 प्रतिशत वहीं हायर सेकेण्डरी का परीक्षा परिणाम 48.36 था। इस वर्ष 2024 का परीक्षा परिणाम हाई स्कूल में 59.40 प्रतिशत वहीं हायर सेकेण्डरी में 63.09 प्रतिशत लेकर सामने आया है। इससे निश्चित ही सुधार की दिशा की ओर पन्ना जिले में शिक्षा की भविष्य दिशा तय करने को लेकर जो तत्परता मुख्य कार्यपालन जिला पंचायत श्री संघप्रिय एवं शिक्षा विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों की थी। वह कहीं न कहीं सामने आई साथ ही प्रदेश स्तर पर भी प्रवीण सूची में पन्ना जिले का हीरा हायर सेकेण्डरी परीक्षा परिणाम में कृषि संकाय अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पहाड़ीखेड़ा के छात्र विनय पाण्डेय पिता धीरेन्द्र पाण्डेय ने कुल पुर्णांक 500 में से 480 अंक प्राप्त करके प्रदेश की प्रवीण सूची में प्रथम स्थान हासिल किया है। वहीं हाई स्कूल परीक्षा की बात करें तो सरस्वती शिशु मंदिर गुनौर नंदकिशोर पटेल पिता बृजकिशोर पटेल ने कुल पूर्णांक 500 में से 488 अंक प्राप्त करके प्रदेश की प्रवीण सूची में सातवां स्थान बनाया। वहीं गुनौर के ही सरस्वती ज्ञान मंदिर हाईस्कूल के छात्र हरिओम द्विवेदी पिता मनोज कुमार द्विवेदी ने कुल पूर्णांक 500 में से 486 अंक प्राप्त करके प्रदेश की प्रवीण्य सूची में 9वां स्थान हासिल किया हैं इस तरह से पन्ना जिले के तीन हीरों ने अपनी चमक शिक्षा के क्षेत्र में विखेरते हुए जिले का नाम गौरवांवित किया है। वहीं बात करें हायर सेकेण्डरी परीक्षा की जिला स्तरीय प्रवीण्य सूची की तो जुगुल किशोर गर्ग एवं प्रिया तिवारी ने प्रथम तथा आनवी द्विवेदी, नीलेश कुमार द्विवेदी, खुशी गुप्ता तथा दिव्यांश द्विवेदी द्वितीय स्थान पर, प्रिंश सिंह राजपूत, मेघा खटिक एवं कृष्णा पयासी ने तृतीय सत्यम नामदेव ने चौथा एवं उमा यादव ने छटवां स्थान प्राप्त किया है। इसी प्रकार हाईस्कूल परीक्षा की जिला स्तरीय प्रवीण्य सूची में पंकज सिंह ने प्रथम, काजल बाई द्विवेदी, मांशी मिश्रा एवं अनिष्का सिंह राजपूत ने द्वितीय स्थान एवं श्रीकांत उपाध्याय ने तृतीय स्थान प्राप्त किया है। इस तरह से जिले का परीक्षा परिणाम हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी मुख्य परीक्षा 2024 का घोषित हुआ। गौरलबत बात यह है कि जिस तरह से हमारे जिले में शिक्षा की बेहतरी के लिए सतत ध्यान दिया गया हमारे जिले के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सीईओ जिला पंचायत श्रीसंघप्रिय जिनकी सोच शिक्षा के लिए भावी भविष्य के निर्माण को लेकर जानी जाती हैं वहीं शिक्षा विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों व शिक्षको के द्वारा शिक्षा प्रदान करने में जो योगदान दिया गया वह आज परीक्षा परिणाम की दिशा सुधार को लेकर जो सामने आई है इससे पन्ना का भविष्य आगे भी शिक्षा के क्षेत्र में सतत अपनी भावी पीढ़ी के निर्माण में निश्चित ही शिक्षा से ही आगे का मुकाम तय करने को लेकर जिले से लेकर प्रदेश व देश में जाना जायेगा।

---



# इवनिंग वॉक के लिए निकली महिला से चेन स्नेचिंग का प्रयास

**पन्ना।** इवनिंग वॉक के लिए निकली महिला के साथ 2 नकाबपोश बाइक सवारों के द्वारा चेन स्नेचिंग का प्रयास किया गया है। इस घटना से नगर में सनसनी फैल गई है। घटना के संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार 23 अप्रैल की शाम लगभग 6 बजे रंजना दुबे उम्र लगभग 55 वर्ष निवासी धाम मोहल्ला पन्ना अपनी एक अन्य महिला साथी के साथ रोज की भांति इवनिंग वॉक के लिए टिकुरिया मोहल्ला, महाराज सागर तालाब होते हुए बायपास रोड से सिविल लाइन चौकी और कलेक्ट्रेट के पीछे छोटा पुल भैरव कुंड के पास तक इवनिंग वॉक के लिए गई थी तभी उनके बगल से एक बाइक निकाली जिस पर महिलाओं ने ध्यान नहीं दिया लेकिन कुछ दूरी से बाइक फिर लौटी और बाइक में सवार नकाबपोशों में से एक ने रंजना दुबे के गले में झपट्टा मारा लेकिन पल्लू से चौन ढकी होने की वजह से उनके हाथ में केवल साड़ी का पल्लू आया और जोर से खींचने की वजह से साड़ी का पल्लू फट गया अन्यथा महिला गिर भी सकती थी, बाइक सवार वारदात में सफल तो नहीं हो सके लेकिन आदर्श आचार संहिता के दौरान कलेक्ट्रेट और पुलिस चौकी के बगल में इस प्रकार की वारदात का प्रयास कर अज्ञात नकाबपोश बाइक सवारों ने पुलिस को खुली चुनौती दी है। महिलाओं ने सिविल लाइन चौकी में मौखिक शिकायत कर सीसीटीवी के माध्यम से आरोपियों की तलाश कर कार्यवाही की मांग की गई है ताकि इस प्रकार की वारदात दोबारा ना हो। बता दें कि पन्ना नगर में काफी समय से चेन स्नेचिंग की घटनाएं नहीं हुई है लेकिन इस घटना से नगर में सनसनी फैल गई है।

---



# नरवाई की आग फैलने से 2 मजदूरों के घर जलकर खाक

### ग्रामीणों ने मिलकर बुझाई आग समय पर नहीं पहुंची फायर ब्रिगेड

पन्ना।

कोतवाली अंतर्गत ग्राम हरदुआ में किसान के द्वारा नरवाई में लगाई गई आग फैलने से 2 आदिवासी मजदूरों के आशियाने जलकर खाक हो गए हैं। घटना के संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार 24 अप्रैल को दोपहर में ग्राम हरदुआ के एक खेत में नरवाई जलाने के लिए आग लगाई गई थी जो फैलते हुए शाम 5 बजे तक नई बस्ती हरदुआ निवासी बाबूलाल आदिवासी और कंछेदी आदिवासी के घर तक पहुंच गई। घरों से धुआं उठता देख गांव में हड़कंप मच गया। कुछ ही देर में आग की लपटें उठने लगी ग्रामीणों ने तत्काल फायर ब्रिगेड को सूचना दी और अपने स्तर पर आग बुझाने के प्रयास में जुट गए। सूचना मिलते ही अरविंद राय सरपंच प्रतिनिधि लक्ष्मीपुर, अतुल रावत रोजगार सहायक लक्ष्मीपुर, धीरू वाजपेई पूर्व सरपंच, संदीप शर्मा, जीतू बाजपेई, सुरेंद्र शर्मा व राजू गौड़ मौके पर पहुंच गए और ग्रामीणों को साथ लेकर आग बुझाने के प्रयास में जुट गए। लेकिन जब तक आग बुझी दोनों मजदूरों के घर और घरों में रखा अनाज कपड़े एवं गृहस्थी का समान पूरी तरह से जलकर खाक हो गया। लोगों ने बताया कि यदि फायर ब्रिगेड समय पर पहुंच जाती तो घर और सामान दोनों बचाए जा सकते थे। नरवाई जलाने पर कलेक्टर के द्वारा प्रतिबंध लगाया गया है इसके बावजूद कुछ किसान नरवाई में आग लगा रहे हैं जिससे इस प्रकार की घटनाएं हो रही हैं। घर एवं गृहस्थी का सामान अनाज और कपड़े सब कुछ जलकर खाक होने से दोनों परिवार परेशान हैं। पुलिस एवं राजस्व विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

---

### 27 अप्रैल तक विद्यालय छात्रावास किये गये अधिग्रहित

**दमोह।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी किये गये कार्यक्रम अनुसार 26 अप्रैल 2024 को 07-दमोह संसदीय क्षेत्र अंतर्गत जिले के विधानसभा क्षेत्र 54-पथरिया, 55-दमोह, 56-जबेरा एवं 57-हटा में स्थापित मतदान केन्द्रों पर मतदान संपन्न कराये जाने हेतु मतदान दलों को मतदान सामग्री का प्रदाय पॉलिटेक्निक कॉलेज दमोह से किया जायेगा। लोकसभा निर्वाचन 2024 सम्पन्न कराये जाने हेतु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुधीर कुमार कोचर ने मतदान दलों में नियोजित अधिकारी/कर्मचारी के आज 24 अप्रैल को रात्रि में ठहरने की व्यवस्था की है।

---

### लोकायुक्त पुलिस ने देवेन्द्र नगर थाना में पदस्थ एएसआई

# चन्द्रशेखर पाण्डेय को 6 हजार की रिश्वत लेते हुए धरा

देवेन्द्रनगर।





सागर संभाग से पहुंची लोकायुक्त पुलिस द्वारा बोटिंग के ऐन 2 दिन पहले बुधवार की सुबह कार्रवाई किये जाने की जो जानकारी सामने आई है उसके अनुसार लोकायुक्त पुलिस सागर के डीएसपी मंजू पटेल के नेतृत्व में लोकायुक्त की एक टीम सुबह 11 बजे देवेन्द्रनगर थाना अंतर्गत बड़ौरा में शिकायतकर्ता एवं फरियादी के साथ कार्रवाई के लिए योजना बनाई गई और जब फरियादी द्वारा आरोपी चंद्र शेखर पांडे एएसआई को 6000 रुपए बतौर रिश्वत देने की पुष्टि हुई उसी समय वहां पर मौजूद लोकायुक्त पुलिस टीम द्वारा फरियादी के घर के अंदर छापामार कार्रवाई करते हुए वर्तमान में देवेंद्र नगर थाने में एएसआई पद पर कार्यरत चंद्र शेखर पांडे को पकड़ा गया, जिसकी पुष्टि लोकायुक्त पुलिस सागर के निरीक्षक कामता प्रसाद वैन द्वारा पत्रकार वार्ता के दौरान की गई है। लोकायुक्त पुलिस की पूरी कार्रवाई धरपकड़ के बाद पास ही स्थित सरकारी विद्यालय बड़ोरा में संपन्न हुई। लोकयुक्त के पत्रकार वार्ता के अनुसार देवेन्द्रनगर थाना अंतर्गत बड़ोरा मोहल्ले में बीते दिनों दो भाइयों के बीच आपसी विवाद हो गया था। इसी प्रकरण के संबंध में फरियादी इंद्रपाल पटेल से चालान पेश करने के संबंध में एएसआई चंद्र शेखर पांडे द्वारा रिश्वत की मांग की जा रही थी और दो बार पैसे लेने के बाद तीसरी बार भी 10000 की मांग की जा रही थी जिसकी शिकायत फरियादी के रिश्तेदार भीमकेश पटेल। द्वारा लोकायुक्त एसपी सागर के यहां शिकायत की गई थी।

#### कार्यवाही अपने आप में बनी चर्चा का विषय

आचार संहिता के दौरान जहां पूरा प्रशासन चाक चौबंद होने का दावा करता फिरता है उसी दौरान चुनाव के ठीक दो दिन पहले लोकायुक्त द्वारा पुलिस विभाग के कर्मचारी का ट्रैप होना प्रशासन को चाक चौबंद व्यवस्था की पोल खोलता नजर आ रहा है। वही पूरी कार्यवाही थाने में संपन्न होने की बजाय एक सरकारी विद्यालय में होना भी कुछ पुराने प्रकरण पर लोकायुक्त की हुई छीछा लेदर का विषय बताया जा रहा है।वही एक बात गौरतलब और जनचर्चा का विषय बना है की देवेंद्र नगर थाने में आने वाला कर्मचारी अगर किसी कारण वश स्थानांतरित हो भी जाए तो वापस द्वेवेद्र नगर थाना जरूर वापस आता है जिसके वर्तमान में कई उदाहरण है जिन्होंने यहां अपनी नौकरी की कई दशक केवल इसी थाने में गुजार दिए। पूरी कार्यवाही के दौरान ट्रैप करने पी एस बैन निरीक्षक सहित उप पुलिस अधीक्षक बी एम द्विवेदी, उप पुलिस अधीक्षक मंजू पटेल निरीक्षक रंजीत आशुतोष व्यास और लोकायुक्त सागर स्टाफ मौजूद रहा

---

# मुनि श्री विशद सागर जी का कुंडलपुर से विहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

सुप्रसिद्ध सिद्ध क्षेत्र ,जैन तीर्थ कुंडलपुर में युग श्रेष्ठ आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के सभी शिष्यों का समागम आचार्य पदारोहण अनुष्ठान महोत्सव हेतु हुआ ।16 अप्रैल को आचार्य श्री समय सागर जी महाराज ने आचार्य पद ग्रहण किया ।21 अप्रैल को जैन धर्म के 24 वें तीर्थंकर भगवान श्री महावीर स्वामी का जन्म कल्याणक महोत्सव आचार्य संघ सानिध्य में धूमधाम से मनाया गया। 23 अप्रैल को सायंकाल पूज्य आचार्य श्री समय सागर जी महाराज के आशीर्वाद से पूज्य मुनि श्री विशदसागर जी महाराज एवं क्षुल्लक श्री मगन सागर जी महाराज का मंगल विहार कुंडलपुर से पटेरा की ओर हुआ। सभी मुनि आर्यिका संघो ने मुनिश्री संघ को विदाई दी ।मुनि संघ का पहला विहार कुंडलपुर से हुआ ।

**खबर संक्षेप**

## निर्वाचन के लिए पुलिस कर्मियों को एसपी ने दिया प्रशिक्षण



**छतरपुर।** जिले में शांति एवं निर्वघ्र तरीके से चुनाव सम्पन्न कराने के लिए पुलिस अधीक्षक अगम जैन ने निर्वाचन कार्य में लगाए गए पुलिस बल को प्रशिक्षित किया। एसपी ने सेक्टर मोबाइल ड्यूटी में लगे सभी पुलिस अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अधिकारी अपने अधीन कर्मचारियों एवं थाना प्रभारियों से सतत संपर्क बनाए रखें। संचार माध्यमों का इसमें उपयोग करें ताकि किसी भी परिस्थिति से तुरंत निपटा जा सके। सेक्टर मोबाइल पुलिस अधिकारी ड्यूटी में लगे बल एवं वाहन के साथ उत्कृष्ट विद्यालय क्रमांक 1 के मैदान एवं परिसर में मतदान काउंटर पर समय से आकर मतदान अधिकारियों से संपर्क बनाएं और निर्धारित वाहनों में सामग्री रखवाकर पायलेटिंग करते हुए मतदान केन्द्रों तक पहुंचाएं। वायरलैस सेट, लाउड हेलर के अलावा हेलमेट, बॉडीगार्ड, जाली, केन भी अपने पास आवश्यक रूप से रखें।

## 13 वैकल्पिक पहचान पत्र में किसी एक को दिखाकर कर सकेंगे मतदान

**छतरपुर।** छतरपुर जिले में दूसरे चरण अंतर्गत 26 अप्रैल को मतदान होना है। सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान होगा। मतदाता पहचान पत्र सहित 12 वैकल्पिक फोटोयुक्त दस्तावेज में से किसी एक को साथ लेकर मतदान केन्द्र पर जाएं। जिनमें आधार कार्ड, पैन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, मनरेगा जॉब कार्ड, फोटोयुक्त पासबुक, स्वास्थ्य बीमा कार्ड, स्मार्ट कार्ड, सेवा पहचान पत्र, दिव्यांग यूनिक कार्ड, पेंशन दस्तावेज एवं अधिकारिक पहचान पत्र में कोई भी एक दिखाकर मतदाता वोट डाल सकेंगे। अगर मतदाताओं के पास किसी स्थिति में मतदाता पर्ची भी नहीं हैं

**सीधी, सिंगरौली, इटावा, जबलपुर निवासियों के दर्ज किए गए दीनदयाल रसोई में मोबाइल नंबर**

# फर्जीवाड़ा.....दीनदयाल रसोई में राशन डकारने का नया तरीका

**नौगांव से यात्रा के लिए साधन नहीं, वहां के यात्रियों ने भी किया दीनदयाल रसोई में भोजन**




**नौगांव।** शहर के बस स्टैंड में 5 रुपए में गरीबों को भरपेट भोजन कराने के लिए स्व सहायता समूह द्वारा संचालित दीनदयाल रसोई योजना में गरीबों के नाम पर जमकर फर्जीवाड़ा चल रहा है। नौगांव से यात्रा के आवागमन के लिए जिस रूट के साधन नहीं है वहां के लोगों कर नाम भी इस रसोई की सूची में दर्ज हो गए हैं। राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के तहत हर गरीब को भरपेट भोजन योजना गरीब के लिए लाभकारी साबित हो रही हो या नहीं लेकिन गरीबों के लिए बनाई गई योजना स्व सहायता समूह एवं इससे संबंधित अधिकारियों के लिए जरूर लाभकारी साबित हो रही है। कोई गरीब भूखा न रहे इसलिए मध्यप्रदेश शासन ने दीनदयाल रसोई योजना की शुरुआत की। ताकि गरीब तबके के लोगों को पांच रुपए में भरपेट भोजन मिल सके। लेकिन शासन की योजना का सही लाभ गरीबों को नहीं मिल पा रहा है। बल्कि योजना को चलाने वाले लोगों के लिए कमाई का जरिया बन गई है।

### नौगांव से आवागमन के लिए जिस मार्ग के साधन नहीं वहां के लोगों के नाम भोजन की सूची में दर्ज -

नगर पालिका व स्व सहायता समूह के अनुसार दीनदयाल रसोई में रोजाना 150 से 200 लाभार्थी भोजन ले रहे हैं, रसोई में बन रहे भोजन की मात्रा और और सूत्रों की माने तो यहां पर लगभग 20 से 25 लोग ही भोजन लाभ ले रहे हैं। इसके बाद स्व सहायता समूह संचालक द्वारा फर्जी नाम और मोबाइल नंबर दर्ज करके फर्जी गरीब लाभार्थी चढ़ाकर भोजन करने वालों को संख्या बढ़ाकर फर्जीवाड़ा किया जा रहा है। दीनदयाल रसोई में चल रही फर्जीवाड़ा की हकीकत जानने मीडिया टीम बुधवार को रसोई केंद्र पहुंची तो वहां अलग ही नजारा देखने को मिला। नियमानुसार सुबह 10 से तीन बने तक चलने वाली रसोई दोपहर 1 बजे के लगभग बंद सी दिखाई दी। रसोई में रखे रजिस्टर में लगभग 100 से अधिक लोगों के द्वारा भोजन करने के नाम दर्ज मिले। जबकि इससे पहले मंगलवार की सुबह 11 बजे के लगभग रसोई का मुआयना किया तो यहां पर जो निर्मित भोजन मिला उसकी मात्रा के अनुसार मुश्किल से 30 लोग भोजन कर सकें, जबकि सोमवार को भी रजिस्टर में 120 से अधिक लोगों के नाम दर्ज रहे। रजिस्टर से मिले मोबाइल नंबरों पर संपर्क किया तो कुछ नम्बर बंद मिले तो कुछ लोग सीधी, सिंगरौली, इटावा, जबलपुर आदि जगहों के मिले,जिनके अनुसार न वह नौगांव आए न ही उन्होंने नौगांव की दीनदयाल रसोई में भोजन किया। साथ ही कुछ नम्बर ई कॉमर्स साइट, फाइनेंस कंपनी सहित अन्य हेल्पलाइन के नम्बर मिले



जिनके नम्बर रजिस्टर में लाभार्थी के नाम पर दर्ज मिले।

### सितंबर 23 से से चल रही दीनदयाल रसोई -

बस स्टैंड में विधानसभा चुनाव पूर्व 02 सितंबर 2023 से दीनदयाल रसोई का संचालन हो रहा है। इस योजना के तहत लोगों को पांच रुपए में भर पेट भोजन मिलने की सुविधा शुरू हुई है। शुभारंभ के बाद नगरपालिका के द्वारा आनन फानन में रसोई को संचालित किया गया। रसोई को नगरपालिका ने लगभग पांच माह तक चलाया। उसके बाद फरवरी माह में यह रसोई रानी लक्ष्मीबाई स्व सहायता समूह को सौंप दी।

### क्या है दीनदयाल रसोई योजना -

राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के तहत प्रदेश सरकार द्वारा प्रति व्यक्ति को पांच रुपए में भरपेट भोजन सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक साफ स्वच्छ जगह बैठाकर कराया जाना है। भोजन करने के पहले लाभार्थियों से पांच रुपए व मोवाइल नंबर लिया जाता है। जिसको रोजाना नगरपालिका में दर्ज कराया जाता है, जिसके बदले में शासन समूह को प्रति व्यक्ति 125 ग्राम गेहूं, 100 ग्राम चावल व दस रुपए देता है।

### इनका कहना है -

कई बार भोजन करने वाले लोग अपनी पहचान छिपाने के उद्देश्य से गलत मोबाइल नंबर लिखा रहे हैं, इस कारण ऐसा हो रहा है। ज्यादा लोग चढ़ाने के मामले में जांच कर कार्रवाई करेंगे। बाकी फर्जीवाड़ा को रोकने और रसोई का लाभ वंचितों को देने के उद्देश्य से आचार संहिता के बाद सीसीसीटीवी कैमरे लगवाकर निगरानी रखी जायेगी।

**अपूर्वा गुप्ता**
प्रभारी सामुदायिक संगठक
नगर पालिका परिषद नौगांव

## मवेशी को बचाने में टकरायीं दो बाईकें, शिक्षक सहित दो घायल

**चंदला।** एक शिक्षक बीएलओ की मीटिंग में शामिल होने मोटर साईकिल से लवकुशनगर जा रहे थे। सिद्ध स्थल भोले बाबा के पास अचानक बाईक के सामने मवेशी आ गए जिन्हें बचाने के दौरान सामने से आ रही बाईक से टक्कर हो गयी। इस टक्कर में शिक्षक सहित सामने वाली बाईक सवार भी घायल हो गए। दोनों घायलों को चंदला लाया गया जहां से प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रिफर कर दिया गया।

जानकारी के बताया गया कि गौरिहार अनुविभाग अंतर्गत ग्राम बसराही निवासी शिक्षक विंदा अनुरागी बीएलओ का दायित्व संभालते हैं। चूंकि गुरूवार से चुनावी पर्व शुरू हो रहा है। लोकसभा निर्वाचन के महत्वपूर्ण कार्य हेतु लवकुशनगर में एसडीएम को बीएलओ मीटिंग लेनी थी। शिक्षक विन्दा अनुरागी इसी मीटिंग में हिस्सा लेने मोटर साईकिल से लवकुशनगर आ रहे थे। दोपहर करीब साढ़े 12 बजे जब वे भोले बाबा मंदिर के पास पहुंचे तभी गुधौरा निवासी लोटन साहू की बाईक से उस वक्त टक्कर हो गयी जब



सामने मवेशियों को बचा रहे थे। हादसे में शिक्षक विन्दा अनुरागी ओर लोटन साहू घायल हुए हैं। एंबुलेंस की मदद से दोनों को चंदला अस्पताल पहुंचाया गया। यहां से गंभीर हालत होने पर जिला अस्पताल भेज दिया गया।

## श्रीराम नाम बैंक में किया हनुमान चालीसा पाठ



**छतरपुर।** बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर ने 121 करोड़ श्री हनुमान चालीसा पाठ का संकल्प लिया था। श्री हनुमान जन्म महोत्सव के उपलक्ष्य में देश दुनिया में मौजूद हिन्दू धर्मावलंबियों से हनुमान चालीसा का पाठ पढऩे का आग्रह किया गया। लोगों ने इस आग्रह को स्वीकार किया और हनुमान चालीसा का पाठ करते हुए फेसबुक, यूट्यूब पर जानकारी भी साझा की है। इसी क्रम में जिला मुख्यालय में चौपाटी में स्थित श्रीराम नाम बैंक में भी श्री हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। हिन्दू उत्सव समिति के अध्यक्ष पवन मिश्रा ने बताया कि सनातन धर्म की बेला जन-जन तक पहुंचाने और लोगों में सनातन के प्रति प्रेम पैदा करने के उद्देश्य से बागेश्वर महाराज ने जो संकल्प लिया है उसमें हम सबको भागीदार बनना है। उन्होंने बताया कि श्रीराम नाम बैंक में सामूहिक श्री हनुमान चालीसा का पाठ कर विश्व की शांति की कामना की गई। इस अवसर पर पं. राजकुमार अवस्थी, कमल अवस्थी, हर्ष शुक्ला, प्रिंस साहू, अनुजय पाठक सहित अन्य धर्मप्रेमी उपस्थित रहे।

# बोर्ड परीक्षाओं में सिर्फ सरकारी स्कूल के बच्चों को सफलता



**छतरपुर।** बुधवार को माध्यमिक शिक्षा मण्डल भोपाल के द्वारा 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं के परिणाम घोषित कर दिए गए। इन परिणामों में सबसे ज्यादा चौकाने वाली बात ये है कि कथित तौर पर अच्छी पढ़ाई देने का दावा करने वाले प्राइवेट स्कूलों के बच्चे प्रदेश की मैरिट सूची में स्थान हासिल नहीं कर पाए जबकि सरकारी स्कूल में पढऩे वाले चार बच्चों ने 10वीं की मैरिट सूची और 7 बच्चों ने 12वीं की मैरिट सूची में अपना स्थान दर्ज किया है। सबसे शानदार परिणाम छतरपुर के शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय क्रमांक 1 का रहा। यहां पढऩे वाले 10वीं के चार विद्यार्थी और 12वीं के 3 विद्यार्थी एमपी की मैरिट सूची में अपना नाम दर्ज कराने में सफल रहे।

### इन बच्चों को मिली एमपी की मैरिट सूची में सफलता -

माध्यमिक शिक्षा मण्डल 10वीं की मप्र मैरिट सूची में सिर्फ शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय क्रमांक 1 छतरपुर के ही 4 विद्यार्थी शामिल हैं। इनमें निकिता चौरसिया और नियति साहू ने 490 अंक पाकर समान रूप से प्रदेश की मैरिट सूची में 5वां स्थान हासिल किया है जबकि अजय पटेल ने 489 अंक पाकर 6वां व उत्कर्ष विश्वारी ने 489 अंक पाकर 7वां स्थान हासिल किया है।

इसी तरह यदि 12वीं के परिणामों की बात करें तो उत्कृष्ट विद्यालय क्रमांक 1 की कामर्स की छात्रा गरिमा जैन ने 482 अंक पाकर प्रदेश की मैरिट सूची में दूसरा स्थान हासिल किया है जबकि रोहित कुशवाहा ने कला संकाय में 481 अंक पाकर 7वां व बॉयलॉजी में लवकुश पटेल ने 478 अंक पाकर 10वीं रैंक हासिल की है। एक्सीलेंस स्कूल के बाद सबसे सफल स्कूल के तौर पर महाराजपुर का शासकीय नेहरू उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रहा। यहां के 12वीं के छात्र अंकित चौबे ने गणित संकाय से 491 अंक पाकर एमपी की मैरिट सूची में दूसरा, कृति चौरसिया ने 488 अंक पाकर इसी मैरिट सूची में चौथा व हर्षित सिंह चौरसिया ने 484 अंक पाकर 8वां स्थान हासिल किया है। इसके बाद जीव विज्ञान समूह से रकिता यादव शासकीय कन्या स्कूल घुवारा ने 478 अंक पाकर प्रदेश की मैरिट सूची में 10वां स्थान हासिल किया है। एक्सीलेंस स्कूल के प्राचार्य एसके उपाध्याय ने सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए इस सफलता का श्रेय विद्यालय के सभी शिक्षकों को दिया है।

**जिला निर्वाचन अधिकारी ने सामग्री वितरण केन्द्र की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया**

# मतदान सामग्री लेकर पोलिंग पार्टियां आज होगीं रवाना



**छतरपुर।** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 अंतर्गत छतरपुर जिले में दूसरे चरण में 26 अप्रैल को मतदान होना है। जिले में निर्वाचन संबंधी सम्पूर्ण तैयारियां पूर्ण कर ली गईं है। बुधवार को कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संदीप जी.आर. ने एसपी अगम जैन के साथ शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय क्रमांक 01 छतरपुर में बनाए गए मतदान सामग्री वितरण केन्द्र की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान विभिन्न अधिकारी उपस्थित रहे। जिला निर्वाचन अधिकारी श्री जी.आर. ने सुरक्षात्मक व्यवस्था पुख्ता रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मतदान दलों को सामग्री प्राप्त करने और जमा करने में कोई समस्या न हो। साथ ही पेयजल, छाया, मेडिकल किट इत्यादि व्यवस्था रहे। साथ ही ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारू रखने के निर्देश दिए। इस अवसर पर सहायक कलेक्टर काजोल सिंह सहित सभी एआरओ उपस्थित रहे। जिले में कुल 1430356 मतदाता हैं, जिनमें महिला 760145 एवं 670191 और 20 ट्रांस्जेंडर मतदाता है। जिले में 1589 मतदान केन्द्र (इस बार छतरपुर विधानसभा में दो एवं राजनगर में एक मतदान केन्द्र को बढ़ाया गया है) बनाए गए हैं। जिनके लिए 1589 पोलिंग पार्टी नियुक्ति की गई हैं जिसमें 159 पोलिंग पार्टी को रिजर्व रखा गया है। जिनमें संपूर्ण मतदान केन्द्रों के लिए कुल रिजर्व सहित 2082 महिला एवं 4910 पुरूषकर्मियों (कुल संख्या 6992 है) को लगाया गया है।

इस बार 165 पूर्ण महिला मतदान केन्द्र बनाए गए हैं। 6 सुगम, 1 यूथ मतदान केन्द्र बनाए गए हैं और अन्य केन्द्र में दो महिला एवं पुरूष पोलिंग पार्टी में रहेगें। जिले के जनपद क्षेत्रों में 13 आदर्श उत्कृष्ट मतदान केन्द्र बनाए गए हैं। जिले में कुल 149 सेक्टर है। प्रत्येक सेक्टर स्तर पर एम्बुलेंस मेडिकल टीम इत्यादि की व्यवस्था रहेगी। चुनाव सम्पन्न कराने प्रत्येक बूथ पर पुलिस बल के अलावा अन्य कर्मचारियों को विशेष पुलिस अधिकारी (सैनिक, आबकारी उप निरीक्षक, सिपाही, कोटवार, चौकीदार, हेल्पर, ऊर्जा विभाग के कर्मी, खल्लासी सहित महिला एवं बाल विकास विभाग का अमला शामिल रह सकता है) के रूप नियुक्त किया गया है। 60 प्रतिशत मतदान केन्द्रों पर वेबकास्टिंग की सुविधा रहेगी। इसी में 15 प्रतिशत में अंदर और बाहर कैमरों से निगरानी रखी जाएगी। जिले में 356 क्रिटिकल एवं 48 वल्नरेबल मतदान केन्द्र है।

### लोकसभा निर्वाचन अधिकारी अंतर्गत सामग्री वितरण प्लान -

जिले की सभी छः विधानसभा के मतदान केन्द्रों के लिए 25 अप्रैल को मतदान दल बसों के माध्यम से रवाना होगा। जिसके लिए पार्किंग स्थल चिन्हित किए गए है। बिजावर और बड़ामलहरा विधानसभा में जाने वाली बसें मेला ग्राउण्ड, राजनगर की बसें पुलिस लाइन ग्राउण्ड, छतरपुर और चंदला की बसें हॉकी ग्राउण्ड और महाराजपुर विधानसभा के मतदान केन्द्रों पर जाने वाली पोलिंग पार्टियों की बसें उत्कृष्ट मा.वि. क्रमांक 02 में खड़ी रहेंगी। वापसी में सभी बसें सामाग्री वितरण केन्द्र के बाहर क्रमानुसार रुकेंगी। सामग्री वितरण के लिए विधानसभा स्तर पर 16-16 काउण्टर बनाएं गए है। महाराजपुर विधानसभा की सामग्री वितरण शा. उत्कृष्ट वि क्र. 02 से एवं अन्य सभी का शा. उत्कृष्ट वि क्र 01 से होगा। प्रत्येक काउण्टर से 20 मतदान केन्द्रों की सामग्री का वितरण किया जाएगा। साथ ही सुविधा की दृष्टिगत विधानसभा स्तर पर कलर कोड निर्धारित किए गए हैं। महाराजपुर के लिए हरा रंग, चंदला के लिए पीला, राजनगर के लिए नीला, छतरपुर के लिए गुलाबी, बिजावर के लिए आसमानी एवं मलहरा के लिए लाल रंग को निर्धारित किया गया है। जिसमें विधानसभाओं में जाने वाले मतदान दलों से संबंधित बैनर इत्यादि चीजें एक कलर की होंगी। पोलिंग पार्टियों को मय ईवीएम मशीनों के साथ जिन बसों से रवाना होगीं सभी बसें जीपीएम सिस्टम से लैस रहेंगी। जिसकी मॉनिटरिंग कलेक्ट्रेट से की जाएगी। सेक्टर अधिकारियों के लिए अलग से काउण्टर लगेगा और इनके वाहनों (जीपीएस लैश) की पार्किंग महाराजा छत्रसाल बुंदेलखण्ड विश्वविद्यालय के परिसर में रहेगी। गर्मी के दिनों को देखते हुए सामग्री वितरण केन्द्र पर मेडिकल टीम, कूलर एवं पेयजल इत्यादि की व्यवस्था की जाएगी।

### सामग्री वितरण का समय निर्धारित

जिले की विधानसभाओं के लिए मतदान सामग्री वितरण का समय निर्धारित किया गया है। विधानसभा क्षेत्र चंदला, बिजावर एवं मलहरा के लिए सुबह 8 बजे सामग्री का वितरण होगा और छतरपुर, राजनगर एवं महाराजपुर विधानसभा क्षेत्र के लिए सामग्री वितरण सुबह 10 बजे से की जाएगी। मतदान दलों के लिए पार्किंग स्थल पर खड़ी बसों के पास पहुंचने के लिए (जो ज्यादा दूरी पर है) भी जीपीएस लगे हुईं बसों की व्यवस्था रहेगी।

### सामग्री वितरण एवं वापसी के समय केन्टीन की रहेगी सुविधा -

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संदीप जी.आर. के निर्देशन में 25 एवं 26 अप्रैल को लोकसभा निर्वाचन 2024 में सामग्री वितरण एवं वापसी के समय अधिकारी एवं कर्मचारियों की सुविधा के दृष्टिगत चाय, नाश्ता, पानी, भोजन इत्यादि की व्यवस्था के लिए केन्टीन लगाई जाएगी। उक्त स्थल पर धूम्रपान, गुटखा इत्यादि सामग्री का विक्रय नहीं होगा।

# एमसीबीयू में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत निकाली रैली नुक्कड़ नाटक के जरिए शत प्रतिशत मतदान का किया आह्वान



**छतरपुर।** महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड विश्वविद्यालय, छतरपुर में जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार तथा विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. शुभा तिवारी एवं कुलसचिव यशवंत सिंह पटेल के मार्गदर्शन में मतदाता जागरूकता रैली तथा नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया।

मीडिया संयोजक डा एसपी जैन एवं सदस्य श्रीमती पूजा तिवारी ने बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना इकाइयों द्वारा 24 अप्रैल 2024 को मतदाता जागरूकता रैली तथा नाटक नुक्कड़ का आयोजन किया गया। इस नुक्कड़ नाटक में एनएसएस स्वयंसेवक रीना, मनीषा, अंकिता, प्रभा, लक्ष्मी, कुमकुम, नाजिया, सोनाली, पूजा, जयप्रकाश, सत्यम, सोविंद्र, दीपक टीवी, सुमित तथा अनेक विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। नुक्कड़ नाटक में आगामी 26 अप्रैल को होने वाले चुनाव में मतदान जरूर करने का संदेश दिया गया। जागरूकता रैली के माध्यम से स्वयंसेवकों ने लोगों को मतदान के महत्व को समझाते हुए 26 अप्रैल को सभी काम छोड़कर सबसे पहले मतदान करने की अपील की। इस आयोजन में कार्यक्रम अधिकारी डॉ आनंद कुमार पांडे, डॉ. गुरु ओम मनु, डॉ. कमलेश चौरसिया, डॉ. निकिता यादव, डॉ. बी डी नामदेव एवं वरिष्ठ स्वयंसेवक अजय कुशवाहा उपस्थित रहे।

**खबर संक्षेप**

## अनियंत्रित वाहन पलटने से एक युवक की मौत

**कटनी।** रीठी थाना अंतर्गत ग्राम भेड़ा में बारात की विदा कराकर लौट रही एक बुलेरो जीप अनियंत्रित होकर पलट गई। जिसके कारण उसमें सवार एक 21 वर्षीय फोटोग्राफर की मौत हो गई जबकि एक अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के मुताबिक पड़ोसी जिला पन्ना के शाहनगर थाना अंतर्गत ग्राम बोरी निवासी सुशील पिता रामू पाल पेशे से फोटोग्राफर था। वह बीतीरात एक विवाह समारोह की फोटोग्राफी करने बारात के साथ रीठी थाना अंतर्गत ग्राम भेड़ा गया था। बताया जाता है कि सुबह बारात की विदा हुई तो सुशील भी बारातियों की एक बुलेरो जीप में सवार होकर वापस लौट रहा था। इसी दौरान ग्राम भेड़ा के ही समीप तेज रफ्तार बुलेरो अनियंत्रित होकर पलट गई। जिसके कारण सुशील की मौके पर ही मौत हो गई जबकि बारात में शामिल एक अन्य युवक राघवेन्द्र साहू गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका उपचार जारी है। पुलिस सुशील का शवपरीक्षण कराते हुए मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है।

## पांचवी में 91.41 एवं आठवी में 89.36 फीसदी छात्र हुए उत्तीर्ण

**कटनी।** राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल द्वारा सत्र 2023-24 में कक्षा 5वीं एवं कक्षा 8वीं की बोर्ड पैटर्न परीक्षाओं का परिणाम मंगलवार 23 अप्रैल को घोषित किया गया है। जिला परियोजना समन्वयक जिला शिक्षा केन्द्र ने बताया कि कक्षा 5वीं की बोर्ड पैटर्न परीक्षाओं में जिले के 21 हजार 289 छात्र शामिल हुए थे। जिनमें से 19 हजार 460 छात्र उत्तीर्ण हुए। उत्तीर्ण छात्रों का प्रतिशत 91.41 प्रतिशत रहा। इनमें से 4हजार 651 छात्रों ने ए प्लस व ए ग्रेड हासिल किया है, इस प्रकार कुल 21.85 फीसदी छात्र ए प्लस एवं ए ग्रेड से उत्तीर्ण हुए है। कक्षा 5वीं के घोषित रिजल्ट में कटनी जिले ने मध्यप्रदेश में 33वा स्थान अर्जित किया है। जबकि कक्षा आठवी की परीक्षा में जिले के शामिल 20 हजार 352 छात्रों मे से 18 हजार 187 छात्र उत्तीर्ण हुए। उत्तीर्ण छात्रों का प्रतिशत 89.36 फीसदी है इनमे से 6 हजार 461 छात्र एप्लस तथा ए ग्रेड से उत्तीर्ण हुए है इनका प्रतिशत 31.75 है। कक्षा 8वी के घोषित रिजल्ट मे कटनी जिले ने मध्यप्रदेश में 21वा स्थान अर्जित किया है।

## मतदान दलों को आज की जाएगी सामग्री वितरण

**कटनी।** खजुराहो लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले कटनी जिले के तीन विधानसभा क्षेत्रों में 26 अप्रैल को होने वाले मतदान को देखते हुए कृषि उपज मंडी परिसर से आज गुरूवार की सुबह 6 बजे से मतदान दलों को ईव्हीएम एवं व्हीव्हीपीएटी मशीन सहित मतदान सामग्री का वितरण किया जायेगा। इसके लिए करीब 900 शासकीय कर्मियों की तैनाती की गई है। हर विधानसभा क्षेत्र के लिए मतदान सामग्री वितरण हेतु 23-23 काउंटर बनाए गए है। प्रत्येक काउंटर की व्यवस्था हेतु 10 कर्मियों की डयूटी लगाई गई है। इस प्रकार 69 काउंटर में कुल 690 सामग्री वितरण कर्मी मौजूद रहेंगे। इसके अलावा माईक्रो आब्जर्वर एवं सेक्टर अधिकारी के अलावा अतिरिक्त काउंटर भी बनाया गया है। सामग्री वितरण स्थल मे हर विधानसभा के लिए 4-4 हेल्प डेस्क के अलावा यहां पहुचने वाले मतदान दलों के लिए शुद्ध पेयजल और स्वास्थ्य की दृष्टि से आपात व्यवस्था के नजरिये से चिकित्सकों एवं पैरामेडिकल स्टॉफ की तैनाती भी की गई है। मतदान सामग्री वितरण से संबंधित समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी को 25 अप्रैल को प्रातः 5:30 कृषि उपज मण्डी परिसर कटनी में उपस्थित होने के निर्देश दिए गए है।

## पीले चावल देकर मतदान करने दिया बुलौआ

**कटनी।** बुधवार को जनपद पंचायत रीठी अंतर्गत आने वाली विभिन्न ग्राम पंचायतों में ग्रामवासियों के घर- घर पहुंचकर पीले चावल देकर 26 अप्रैल को अपने मताधिकार का उपयोग करनें का बुलौआ दिया गया।

# 19वें विशाल निरंकारी रक्तदान शिविर में 139 लोगों ने किया रक्तदान





**रीवा**

मानव एकता दिवस के उपलक्ष्य में 24 अप्रेल को चोरहटा स्थित सन्त निरंकारी सत्संग भवन में सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक रक्तदान कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज जी के आदेशानुसार हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सभी श्रद्धालुओं और समाज के हर वर्ग ने बढ़ चढ़ के 139 की संख्या में स्वेच्छा से रक्तदान किया।। ज्ञात हो कि निरंकारी मिशन मानवता के हित में अनेकानेक कार्यक्रम करते चले आ रहे है। उसी क्रम में हर वर्ष अप्रैल माह में रक्तदान शिविर का आयोजन करता है । इस रक्तदान शिविर का शुभारंभ संजय गांधी एवम बिछिया हॉस्पिटल के डॉक्टर यू आर सिंह जी, डॉक्टर सुशील सिंह जी,डॉक्टर शभा हुसैन जी ने रीबिन काटकर किया। इस रक्तदान शिविर में संजय गांधी हॉस्पिटल एवम बिछिया हॉस्पिटल के प्रशिक्षित डॉक्टरों का भरपूर सहयोग मिला ।। जिसके लिए संत निरंकारी मिशन उनका आभारी है । इस शिविर में संजय गांधी चिकित्सालय के डीन अग्रवाल जी, सुपरिटेंडेंट राहुल मिश्रा जी, सुपर स्पेशलिस्ट के अक्षय श्रीवास्तव जी, सिन्धी समाज के अध्यक्ष दादा प्रहलाद सिंह जी, शंकर सहानी जी, पप्पू मंजानी जी, राजेश आहूजा जी, संजय ठारवानी जी, हरचराम हिरवानी जी, जया गंगवानी जी, लज्जा ककवानी, बिलाबोंग स्कूल के प्राचार्य एरिक स्वामी जी आदि गणमान्य जन उपस्थित थे । निरंकारी मिशन रीवा के ब्लड डोनेशन इंचार्ज महात्मा रवि जोतवानी जी पिछले कई वर्षो से जरूरतमंदों तक निस्वार्थ रक्त पहुंचने का कार्य करते आ रहे है । अंत में रीवा ब्रांच के संयोजक बहन राजकुमारी काकवानी जी ने रक्तदान शिविर में भाग लेने वाले सभी रक्तदाताओं का आभार व्यक्त किया और डॉक्टरों को गिफ्ट देकर सम्मानित किया ।

## सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचन सहभागिता (स्वीप) मजबूत लोकतंत्र



**रीवा।** सबकी भागीदारी गतिविधि के अंतर्गत लोकसभा निर्वाचन 2024 रीवा के मतदाताओं को बढ़-चढ़ कर मतदान हेतु प्रेरित करने लिए जिला निर्वाचन अधिकारी एवं नगर पालिक निगम रीवा के संयुक्त तत्वाधान में एवं विन्ध्य व्यापारी महा संघ के सहयोग से मतदाताओं को अपने मताधिकार का अधिक से अधिक उपयोग करने एवं अन्य मतदाताओं में जागरूकता लाने, मतदान के महत्व को समझाने तथा देश के इस महापर्व में शत प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से रीवा शहर के व्यवसायियों, उद्यमियों, थियेटर संचालक ने अपने प्रतिष्ठानों के उपहार डिस्काउण्ट कूपन दिए जाने की पहल की गई है। व्यापारियों द्वारा मतदाताओं को अधिक से अधिक वोट करने की अपील की गई है।

# 12th रीवा की बेटी अंशिका ने गणित विषय से प्रदेश में हासिल किया पहला स्थान



**अंशिका की ऊंची है सपनों की उड़ान , आईआईटी करने के बाद आईएएस बनना**

**रीवा ।** मध्यप्रदेश में हाई स्कूल और हायर सेकेंड्री के परीक्षा परिणाम आ चुके है रीवा रविदास नगर बोदाबाग रहने वाली अंशिका मिश्रा हायर सेकेंडरी में प्रदेश मे पहला स्थान प्राप्त किया है। अंशिका शिक्षा इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल बोदा बाग में पढ़ाई करती है अंशिका के पिता ज्ञानेंद्र मिश्रा किसान है वही अंशिका के माता जी ग्रहणी है अंशिका एक मध्यम परिवार की बेटी हैं अंशिका का एक छोटा भाई है जो 9th क्लास से इसी स्कूल में पढ़ाई कर रहा है। अंशिका ने मैथ विषय से 98.6% मार्क्स ला कर प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त किया है अंशिका के केमिस्ट्री में 100 में से 100 अंक मिले है फिजिक्स में 98 गणित में 99 हिंदी और अंग्रेजी में 99 प्रतिशत अंक आए है। उनकी इस कामियाबी के बाद परिवार और स्कूल में खुशी का माहौल है। वही अंशिका 24 घंटे में 7 से 8 घंटे पढ़ाई करती थी उनकी पढ़ाई में परिवार और स्कूल के शिक्षको का पूरा सहयोग रहता था उन्होने अपनी इस कामयाबी के लिए परिवार के साथ ही स्कूल के शिक्षकों का ध्यनवाद किया है।अंशिका के माता-पिता का कहना है कि हमारी बिटिया से हमने कभी अपने घर का काम नहीं कराया । हमारी बिटिया ने कड़ी मेहनत व अपने लक्ष्य को ध्यान में रखकर पढ़ाई करके प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त किया है इसका श्रेय हम विद्यालय के शिक्षकों को देते हैं।

# 10th रीवा की बेटी स्नेहा ने प्रदेश में हासिल किया दूसरा स्थान





**रीवा ।** मध्यप्रदेश में हाई स्कूल और हायर सेकेंड्री के परीक्षा परिणाम आ चुके है रीवा की रहने वाली स्नेहा पटेल ने हाई स्कूल में प्रदेश मे दूसरा स्थान प्राप्त किया है। रीवा के अनंतपुर की रहने वाली स्नेहा इंडियन एक्सलेंस स्कूल में पढ़ाई करती है उन्होंने इस कामियाबी के बाद परिवार और स्कूल में खुशी का माहौल है। स्नेहा पटेल की पिता धीरमणि पटेल प्रापर्टी डीलर है और माता सुशीला पटेल ग्रहणी है स्नेहा से छोटी उसकी एक बहन और भाई है। वो सातवी क्लास से इस स्कूल में पढ़ाई कर रही है। स्नेहा 98.6 प्रतिशत मार्क्स ला कर प्रदेश में दूसरा स्थान प्राप्त किया है स्नेहा को संस्कृति में 100 में से 100 अंक मिले है मैथ में 98 हिंदी में 99 अंग्रेजी में 97 और सोशल साइंस में 99 प्रतिशत अंक आए है। आगे वो नीट की तैयारी करेंगी वही स्नेहा 24 घंटे में 9 से 10 घंटे पढ़ाई करती थी उनकी पढ़ाई में परिवार और स्कूल के शिक्षको का पूरा सहयोग रहता था उन्होने अपनी इस कामयाबी के लिए परिवार के साथ ही स्कूल के शिक्षकों का ध्यनवाद किया है। वही स्नेह के माता-पिता का कहना है कि हमारी बिटिया बहुत ही मेहनती फोन व सोशल मीडिया से दूरी बनाकर हमारी बेटी ने पढ़ाई किया है इसका श्रेय हम विद्यालय के शिक्षकों को देते हैं।

# जिले में बनाए गए 435 मिक्स पोलिंग बूथ

**मिक्स पोलिंग बूथ में तैनात होंगे महिला और पुरूष मतदान कर्मी**

**रीवा।** लोकसभा निर्वाचन 2024 में रीवा संसदीय क्षेत्र-10 के लिए मतदान 26 अप्रैल को कराया जाएगा। मतदान प्रातः 7 बजे से शाम 6 बजे तक कराया जाएगा। मतदान कराने के लिए जिले भर में 2014 मतदान केन्द्र बनाए गए हैं। इनमें से 435 मिक्स मतदान केन्द्र बनाए गए हैं। इस संबंध में उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रेयस गोखले ने बताया कि मिक्स पोलिंग बूथ में मतदान दल में पुरूष और महिला मतदान कर्मी शामिल हैं। निर्वाचन कार्य में महिलाओं की अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार मिक्स पोलिंग बूथ बनाए गये हैं। विधानसभा क्षेत्र रीवा में 100, सिरमौर में 50, सेमरिया में 55, त्योंथर में 40, मऊगंज में 50, देवतालाब में 35, गुढ़ में 61 तथा मनगवां में 44 मतदान केन्द्र मिक्स पोलिंग बूथ बनाए गए हैं। इसी तरह जिले में 16 आदर्श मतदान केन्द्र तथा दो दिव्यांगों द्वारा संचालित मतदान केन्द्र बनाए गए हैं। इनमें पीठासीन अधिकारी सहित मतदान दल के सभी सदस्य दिव्यांग कर्मचारी हैं।

# सावी मदर इंटरनेशनल स्कूल के मेधावियों ने फहराया परचम

**रीवा ।** माध्यमिक शिक्षा मण्डल मध्य प्रदेश बोर्ड के पांचवी एवं आठवीं के परीक्षा परिणाम में विद्यालय के कक्षा आठवीं की छात्र - विवेक कुमार पटेल 92%, साक्षी सिंह परिहार - 90.16%, संक्राति सिह 89. 6%, संकल्प देव सिंह 89.6 %, कनिष वर्मा 89.5 % एवं कक्षा पांचवी की छात्रा - शैलजा पाण्डेय - 94 .75 %, शौर्य तिवारी - 93.75 % , शिक्षा शुक्ला 93.5 % , संस्कृति सिंह 91.75%, हर्षिता सिंह 91.25 % अंक पाकर विद्यालय का नाम रोशन किया । साथ ही कक्षा आठवीं 47 व 5वीं के 48 छात्रों ने प्रथम श्रेणी से उतीर्ण होकर विद्यालय को गौरवान्वित किया । विद्यालय के प्राचार्य डॉ एस के सिंह एवं समस्त शिक्षक सहित प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि इस वर्ष भी हर वर्ष की भांति प्रदर्शन के साथ, हमने एक बार फिर शैक्षणिक सफलता और व्यक्तिगत विकास की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए अपनी प्रतिबद्धता साबित की है ।







# मतदाता की पहचान के लिए 12 फोटोयुक्त पहचान पत्र मान्य

## आधार, पैन, ड्राइविंग लाइसेंस, पासपोर्ट जैसे फोटोयुक्त पहचान पत्र होंगे मान्य

**रीवा।** लोकसभा निर्वाचन 2024 में रीवा संसदीय क्षेत्र-10 के लिए मतदान 26 अप्रैल को कराया जाएगा। मतदान प्रातः 7 बजे से शाम 6 बजे तक कराया जाएगा। मतदाता की पहचान सुनिश्चित होने के बाद ही उसे मतदान का अवसर मिलेगा। मतदाता सूची में नाम शामिल होने पर मतदाता अपने मतदाता पहचान पत्र से मतदान का अवसर प्राप्त कर सकेंगे। मतदाता पहचान पत्र के अलावा निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता की पहचान सुनिश्चित करने के लिए 12 फोटोयुक्त पहचान पत्रों को मान्यता दी गई है। इनमें से किसी एक का उपयोग करके मतदाता की पहचान सुनिश्चित हो जाएगी। इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि 12 वैकल्पिक फोटोयुक्त पहचान दस्तावेजों में आधार कार्ड, मनरेगा जाब कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटो सहित पेंशन दस्तावेज, केंद्र अथवा राज्य सरकार तथा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों द्वारा कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र को मान्य किया गया है। इसके साथ-साथ बैंक और डाकघर द्वारा जारी फोटोयुक्त पासबुक, राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर के तहत आरजीआई द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड, श्रम मंत्रालय की योजना के तहत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, सांसदों तथा विधायकों को जारी किए गए आधिकारिक पहचान पत्र और भारत सरकार के सामाजिक न्याय मंत्रालय द्वारा दिव्यांगजनों को जारी यूनिक दिव्यांगता आईडी शामिल है ।

# प्रमाणन के बाद ही मतदान दिवस तथा एक दिन पहले प्रकाशित होंगे विज्ञापन

**रीवा।** लोकसभा निर्वाचन 2024 में रीवा संसदीय क्षेत्र के लिए मतदान 26 अप्रैल को कराया जाएगा। निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार मतदान से दो दिन पूर्व सभी तरह का चुनाव प्रचार बंद हो जाता है। उम्मीदवार अथवा राजनैतिक दल मतदान के दिन 26 अप्रैल तथा एक दिन पूर्व 25 अप्रैल को मतदान की अपील प्रकाशित करा सकते हैं। प्रिंट मीडिया के इन सभी विज्ञापनों को जिला स्तरीय मीडिया सर्टिफिकेशन एवं मॉनीटरिंग कमेटी से प्रमाणन कराना आवश्यक होगा। उम्मीदवार विज्ञापन प्रकाशन से दो दिवस पूर्व समिति को निर्धारित प्रपत्र में आवेदन देकर उसका प्रमाणीकरण कराएं। प्रमाणीकरण के बाद ही विज्ञापन का प्रकाशन किया जा सकता है। इस संबंध में निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार जिला स्तरीय समिति 24 घंटे की समय सीमा में विज्ञापन का प्रमाणीकरण करके उम्मीदवार को उपलब्ध कराएगी।

# जिले में शहरी क्षेत्र में बनाए गए 143 पिंक पोलिंग बूथ

**रीवा**

लोकसभा निर्वाचन 2024 में रीवा संसदीय क्षेत्र-10 के लिए मतदान 26 अप्रैल को कराया जाएगा। मतदान प्रातः 7 बजे से शाम 6 बजे तक कराया जाएगा। मतदान कराने के लिए जिले भर में 2014 मतदान केन्द्र बनाए गए हैं। इनमें से 143 मतदान केन्द्र पिंक बूथ बनाए गए हैं। इस संबंध में उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रेयस गोखले ने बताया कि पिंक पोलिंग बूथ में मतदान दल के सभी सदस्य महिलाएं हैं। निर्वाचन कार्य में महिलाओं की अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार पिंक पोलिंग बूथ बनाए गये हैं। विधानसभा क्षेत्र रीवा का अधिकांश क्षेत्र शहरी है। विधानसभा क्षेत्र रीवा में 90 पिंक पोलिंग बूथ बनाए गए हैं। इसके साथ-साथ विधानसभा क्षेत्र सिरमौर में 10, सेमरिया में 6, त्योंथर में 5 मऊगंज में 10, देवतालाब में 6, मनगवां में 6 तथा गुढ़ में 10 मतदान केन्द्र पिंक पोलिंग बूथ बनाए गए हैं।

# मार्निंग वॉक के लिए निकली महिला से बाइक सवारों ने किया लूट का प्रयास

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

शहरी क्षेत्र में सक्रिय बदमाश अब किसी भी समय वारदात को अंजाम देने के लिए तत्पर हो रहे हैं। बुधवार सुबह सैर पर निकली एक महिला के साथ चेन स्नेचिंग का प्रयास किया गया है। यह घटना शहर के पॉश इलाके दुबे कॉलोनी की बताई जा रही है। लोकसभा चुनाव से चंद घंटे पहले चैन स्नेचिंग की इस घटना ने समूचे क्षेत्र में दहशत का माहौल निर्मित कर दिया है।

मतदान कार्य में भारी संख्या में तैनात पुलिस बल होने के बावजूद अपराधियों ने घटना को अंजाम देकर पुलिस को खुली चुनौती दे दी है। बताया जाता है कि जिस समय यह घटना हुई उस समय महिला अकेले सैर कर रही थी। इसी बीच बाइक सवार दो युवक आए और उन्होंने महिला के गले से चेन खींचने का प्रयास किया। यह पूरा वाकया पास ही लगे एक सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया। पुलिस वीडियो के आधार पर आरोपियों की पहचान करने में जुटी हुई है। हालांकि अभी तक आरोपियों का सुराग नहीं लग सका है। जानकारी के मुताबिक दुबे कॉलोनी क्षेत्र निवासी लगभग 55 वर्षीय सकुंतला बरबोती सुबह सैर पर निकली थी। जब वह नारायण हॉस्पिटल के पास पहुंची तो इसी बीच सुबह लगभग 7 बजे सामने की तरफ से बाइक सवार दो युवक आए और महिला के गले से चेन खींचने का प्रयास करने लगे। युवक महिला के गले से चैन तो खींचने में कामयाब नहीं हुए लेकिन इस घटना ने समूचे क्षेत्र में दहशत का माहौल निर्मित कर दिया है। पूरी घटना पास ही लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है।



# न्यायालय परिसर आपसी मारपीट का वीडियो बनाने गए पत्रकार के साथ अधिवक्ताओं की मारपीट

**रीवा** । जिले के न्यायालय परिषद में बुधवार की दोपहर 12:00 कुछ वकील एक शख्स को बुरी तरह से पीट रहे थे । जिसकी वीडियो बनाने गए एक निजी चैनल के पत्रकार के साथ वकीलों ने जमकर मारपीट की वकीलों द्वारा पत्रकार के साथ मारपीट करने की वीडियो कैमरे में कैद हो गई जो सोशल मीडिया में जमकर वायरल हुई । निजी चैनल पत्रकार संजीव पाठक ने बताया कि मैं कोर्ट के सामने खड़ा हुआ था। तभी कुछ वकील एक शख्स के साथ मारपीट करने लगे। खबर के लिहाज से मैं पूरी घटना का वीडियो बनाने लगा तो कुछ लोगों ने मुझे घेर लिया। वे गाली देते हुए कहने लगे कि तू वीडियो क्यों बना रहा है। मैं अपने बचाव में कुछ कर पाता इसके पहले ही मेरे साथ जमकर मारपीट की गई। पूरी घटना का वीडियो भी मेरे पास मौजूद है। वही दोनों वीडियो के सामने आने के बाद पुलिस ने पूरे मामले में कार्रवाई की बात कही है।



### इनका कहना है

फरियादी संजीव पाठक जो पेसे एक न्यूज़ चैनल के कैमरामैन है जो खबर संग्रह के लिए न्यायालय गए हुए थे जिनके साथ कुछ वकीलों ने मारपीट की है इनकी शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है जांच के उपरांत कार्रवाई की जाएगी ।

**कमलेश साहू थाना प्रभारी सिविल लाइन रीवा**